# प्रदेश के फिल्म पर्यटन को मिली नई उड़ान

## 80 से अधिक देशों में दिखेगी प्रदेश की संस्कृति और विरासत

**भोपाल, 13 मई. मध्यप्रदेश के ग्रामीण पर्यटन और समृद्ध सांस्कृतिक वैभव को अब वैश्विक मंच पर एक नई और विशिष्ट पहचान मिलने जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं. इसके परिणामस्वरूप प्रदेश तेजी से एक 'ग्लोबल फिल्मिंग हब' के रूप में स्थापित हो रहा है.**

इसी कड़ी में स्पेन के प्रतिष्ठित प्रोडक्शन हाउस 'कलर्स कम्युनिकेशन ग्रुप' द्वारा निर्मित अंतर्राष्ट्रीय टेलीविजन सीरीज़ 'रूरल टूरिज्म ऑफ द वर्ल्ड' की शूटिंग प्रदेश के विभिन्न पर्यटन अंचलों में हुई. इस गौरवशाली पहल से मध्यप्रदेश की अनूठी जीवन शैली और पर्यटन स्थलों का प्रदर्शन दुनिया के 80 से अधिक देशों में किया जाएगा, जिससे राज्य की पर्यटन संभावनाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई उड़ान मिलेगी

अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट के तहत छिंदवाड़ा जिले की नैसर्गिक सुंदरता और यहां की जीवंत जनजातीय संस्कृति ने स्पेनिश फिल्म क्रू को गहराई से प्रभावित किया है. टीम ने जिले के सावरवानी, धूसावानी, चिमटीपुर और तामिया क्षेत्र में प्रवास कर ग्रामीण जीवन, स्थानीय परंपराओं और पातालकोट की विशिष्ट जीवन शैली को कैमरे में कैद किया. विशेष रूप से पातालकोट में संपन्न जनजातीय विवाह की पारंपरिक रस्मों और प्राकृतिक सौंदर्य का फिल्मांकन किया गया है. स्पेनिश डायरेक्टर जुआन



फ्रूटोस ने धूसावानी होमस्टे में मिले आत्मीय आतिथ्य की सराहना करते हुए कहा कि यदि कोई वास्तविक भारत की जड़ों को जानना चाहता है, तो उसे मध्यप्रदेश के इन गांवों का अनुभव अवश्य लेना चाहिए.

यह महत्वपूर्ण उपलब्धि इसी वर्ष जनवरी-2026 में स्पेन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मेले के दौरान हुए रणनीतिक समझौतों और एमओयू का सुखद परिणाम है. पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. और अपर प्रबंध संचालक अभय अरविंद बेडेकर के मार्गदर्शन में प्रदेश को एक 'फिल्म फ्रेंडली डेस्टिनेशन' के रूप में वैश्विक पटल पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है. इस सीरीज़ में न केवल ग्रामीण संस्कृति, बल्कि सांची स्तूप, भीमबेटका की गुफाएं, सतपुड़ा नेशनल पार्क और उज्जैन के श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग जैसी ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक धरोहरों को भी शामिल किया गया है, जो प्रदेश के बहुआयामी पर्यटन वैभव को दुनिया के सामने प्रदर्शित करेंगी.

### मध्यप्रदेश बनेगा ग्लोबल फिल्मिंग हब

इस वैश्विक पहल से न केवल मध्यप्रदेश की अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग सुदृढ़ होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार, होमस्टे और हस्तशिल्प जैसी गतिविधियों को भी भारी प्रोत्साहन मिलेगा. कलेक्टर छिंदवाड़ा श्री हरेंद्र नारायन एवं जिला प्रशासन के समन्वय से संपन्न हुई यह शूटिंग राज्य को विश्व सिनेमा के मानचित्र पर एक जीवंत और सांस्कृतिक कैनवास के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी. आने वाले समय में ऐसे अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स से मध्यप्रदेश का पर्यटन क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छुएगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा.

### समर्थन मूल्य बढ़ने से किसानों की आय बढ़ेगी: सीएम

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के लिए आभार माना है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसानों के हित में लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं. प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को स्वीकृति दी है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस निर्णय से अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी. केंद्र सरकार ने किसानों के हित संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाए हैं. मध्यप्रदेश के किसान इन सभी प्रावधानों का लाभ प्राप्त करेंगे.

# लापरवाही पर 3 मुख्य नगर पालिका अधिकारी निलंबित

**भोपाल, 13 मई. नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पर 3 मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.**

निलंबित अधिकारियों में नगर परिषद विजयपुर के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज शर्मा शामिल हैं, जिनके द्वारा स्वच्छ जल अभियान के क्रियान्वयन में उदासीनता बरतने के साथ ही सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज दूषित पेयजल की शिकायतों का एल-4 स्तर तक पहुंचने के बाद भी समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित नहीं किया गया. अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत संविदाकार को निर्धारित समयावधि में स्वीकृति पत्र (लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस) जारी न करने तथा योजना के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब कारित करने के फलस्वरूप नगर परिषद भांडेर (जिला दतिया) के हनुमंत भदौरिया को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है. नगर परिषद बडौनी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत राठौर को भी दंडित किया गया है. उनके द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के लक्ष्यों की प्राप्ति में अपेक्षित प्रगति नहीं दर्शाई गई.

इसके अतिरिक्त, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने तथा 13 मई को आयोजित विभागीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बिना किसी पूर्व सूचना एवं सक्षम अनुमति के अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण उनके विरुद्ध यह निलंबन की कार्रवाई सुनिश्चित की गई है.



# अपेक्स बैंक के प्रशासक यादव ने भ्रमण कर ली जानकारी

**भोपाल, 13 मई. अपेक्स बैंक के प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव ने बुधवार को शीर्ष बैंक मुख्यालय के विभिन्न कक्षों में भ्रमण किया.**

उन्होंने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली. यादव ने मुख्यालय के भूतल भवन स्थित संभागीय शाखा में क्लियरिंग सेक्शन एवं लॉकर रूम का भी भ्रमण किया. इस अवसर यादव के साथ बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता एवं अरुण मिश्रा भी साथ थे.

# 21 लाख की चोरी की संपत्ति बरामद

- रेलवे पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 13 मई. मध्यप्रदेश रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने प्रदेशभर में चोरी एवं जेवरात संबंधी अपराधों के खिलाफ अभियान तेज करते हुए जबलपुर, ग्वालियर और इंदौर में संयुक्त कार्रवाई कर 21 लाख रुपये से अधिक की चोरी की संपत्ति बरामद की है.**

यह अभियान रेल यात्रियों की सुरक्षा, संपत्ति संरक्षण और रेलवे सुरक्षा व्यवस्था में जनविश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है. जबलपुर जीआरपी ने चलती ट्रेनों और रेलवे स्टेशन परिसर में विशेष चेकिंग अभियान के दौरान एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, जिनमें मंगलसूत्र, चेन, बाली और पायल शामिल हैं, बरामद किए गए जिनकी कीमत करीब 2.85 लाख रुपये बताई गई है. एक अन्य कार्रवाई में भीड़भाड़ वाले रेलवे क्षेत्रों में यात्रियों को निशाना बनाने वाली महिला चोर को गिरफ्तार कर उससे चोरी के जेवरात जब्त किए गए.



ग्वालियर जीआरपी ने ट्रेनों में यात्रियों के पर्स, नगदी और आभूषण चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और निगरानी के आधार पर करीब 7.30 लाख रुपये की नकदी एवं जेवरात बरामद किए. इधर, इंदौर जीआरपी ने ट्रॉली बैग चोरी के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर 2.82 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की. वहीं ट्रेन में छूटे करीब 8.50 लाख रुपये मूल्य के जेवरों से भरे बैग को सुरक्षित यात्री को लौटाकर पुलिस ने ईमानदारी और तत्परता का उदाहरण पेश किया.

# संविधान का महत्व लोगों तक पहुंचाएं

- उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने किया पत्रिका 'कॉन्स्टिट्यूशन टू कम्युनिकेशन' का विमोचन

**भोपाल, 13 मई. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निवास कार्यालय भोपाल में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के मीडिया प्रबंधन विभाग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा तैयार विशेष पत्रिका 'कंस्टीट्यूशन टू कम्यूनिकेशन' का विमोचन किया.**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संविधान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रभावी संवाद एवं जागरूकता आवश्यक है. उन्होंने माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय को मध्य प्रदेश का एक महत्वपूर्ण संस्थान बताते हुए कहा कि यहां से निकलने वाले विद्यार्थी मीडिया, आईटी, फाइनेंस और बिजनेस सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं. साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में ऐसे विषयों पर निरंतर रिसर्च और बौद्धिक विमर्श को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया, जिससे भविष्य में सकारात्मक और प्रभावशाली परिणाम प्राप्त हो सकें.



यह पत्रिका मीडिया लॉ एंड एथिक्स पर आधारित है, जिसमें पत्रकारिता के विभिन्न आयामों के साथ-साथ मीडिया कानून से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है. पत्रिका का निर्माण विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. विजय मनोहर तिवारी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश वाजपेई के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ.

# विद्यार्थियों ने सीबीएसई में लहराया परचम

## द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के त्रिशिका और आरव ने किया टॉप

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर, 13 मई. द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल और शहर का नाम रोशन किया है. स्कूल के आधिकारिक मेरिट रिकॉर्ड्स के अनुसार सत्र 2026 की सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में त्रिशिका जैन और आरव ने 97.6% अंक प्राप्त कर टॉप अचीवर्स में अपनी जगह बनाई.**

इंदौर की त्रिशिका जैन ने ह्यूमैनिटीज के साथ मैथ्स और साइकोलॉजी विषय लेकर पढ़ाई की और 97.6% अंक प्राप्त किए. वे न केवल पढ़ाई में अव्वल रही हैं, बल्कि स्कूल की बेहतरीन डिबेटर भी हैं. उन्होंने कई इंटर-स्कूल प्रतियोगिताओं में 'बेस्ट स्पीकर' का खिताब अपने नाम किया है. त्रिशिका ग्लोबल स्तर पर आयोजित राउंड स्क्वेयर गतिविधियों में भी सक्रिय रही हैं.



वे 'इंट्रा राउंड स्क्वेयर' प्रतियोगिताओं की आयोजन टीम के चुनिंदा सदस्यों में शामिल रही हैं. पढ़ाई के साथ-साथ वे योग को भी अपनी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा मानती हैं. त्रिशिका बताती हैं कि वे सुबह 4 बजे से 7 बजे तक नियमित पढ़ाई करती थीं और देर रात तक पढ़ाई करने से बचती थीं. उनका मानना है कि सुबह के समय पढ़ाई करने से मन अधिक एकाग्र रहता है. परिवार के सहयोग और स्कूल शिक्षकों के मार्गदर्शन को वे अपनी सफलता का बड़ा कारण मानती हैं.

उनका कहना है कि स्कूल के शिक्षक हर विषय में उनके सभी डाउट्स तुरंत क्लियर कर देते थे. अब त्रिशिका का लक्ष्य दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करना और आगे चलकर यूपीएससी परीक्षा पास कर समाज के शिक्षा क्षेत्र में काम करना है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए.

### आरव ने अनुशासन और नेतृत्व के साथ हासिल की सफलता

स्कूल के छात्र आरव ने कॉमर्स स्ट्रीम से पढ़ाई करते हुए 97.6% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर्स में स्थान हासिल किया. पढ़ाई के साथ-साथ वे स्कूल के हेड बॉय भी रहे और अनुशासन बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई. आरव ने स्कूल की कई प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लिया. वे अपनी सफलता का श्रेय परिवार और शिक्षकों के सहयोग को देते हैं. परिवार में चार सदस्य हैं और सभी एक-दूसरे का पूरा समर्थन करते हैं. आरव विशेष रूप से अपनी मां के बेहद करीब हैं. अब वे भविष्य में मैनेजमेंट की पढ़ाई कर कॉर्पोरेट और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं.

# डीलरशिप दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

- सायबर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार
- एक लाख 77 हजार रुपए की ठगी की गई

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 13 मई. कोलार इलाके में एक लाख 77 हजार रुपए की ठगी का एक मामला सामने आया है. पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी एक कंपनी की डीलरशिप दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे थे.**

आरोपी मामले में फर्जी बैंक खाता खुलवाकर अपने साथी आरोपी की मदद से इसे सायबर ठगों तक पहुंचाया. पुलिस को आरोपी के बैंक खाते में फ्रॉड की राशि मिली. गिरोह चलाकर आरोपियों ने फर्जी सिम खरीदकर सिम को फर्जी खातों में रजिस्टर्ड कराया. अपराध में अन्य आरोपी है अभी फरार हैं, जिसकी तलाश जारी है.



कोलार पुलिस के मुताबिक फरियादी ने मामले में शिकायत दर्ज कराई थी. फरियादी ने बताया कि उसके साथ एक कंपनी की डीलरशिप दिलाने के नाम की सायबर धोखाधड़ी की गई. शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की. इस दौरान पुलिस ने तकनीकि रूप से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी अमित आर्य (35) और प्रिन्स गुप्ता उर्फ निखिल (21) निवासी गोविंदपुरा को गिरफ्तार किया.


**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)**

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13(12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अतः देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13(4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

| देनदारों का नाम | सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण | कुल बकाया रु. | डिमांड नोटिस तिथि | कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री विजय कुशवाहा श्रीमती नेहा कुशवाहा विजय कुशवाहा होटल (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10610396) | खसरा संख्या 121/2, ग्राम-सभा (नानक वार्ड), P.H.N. 47, बीना, सागर, मध्य प्रदेश 470113 से उत्पन्न होने वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल: 400.00, 400.00 | रुपए 644789/- (रु. छह लाख चवालीस हजार सात सौ नवासी मात्र) | 10-02-2026 | 11-05-2026 |

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी ब्रांच आफिस: 183, प्रथम तल, सोनी भवन, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- भोपाल
दिनांक : 14-5-2026

प्रा. अधिकारी
कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड



**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**

**Water Work Department**

**4th Floor, BMC Head Office, Tulsi Nagar, Bhopal, Ph.No.0755-2701669**

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online tenders are being invited for the following works. The bidder can obtained detailed information and tender documents on website http://mptenders.gov.in
Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT No. | Tender ID | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | 47/T.Sec./EE./WWD/2026-27 First Call | 2026_UAD_506691_2 | Pre-Monsoon Maintenance and Item Procurement work at Bhadbhada Dam | 9,82,510.00 | 9,825.00 | 26.05.2026 |

T.N. 167/026/027

Executive Engineer (WWD)
Municipal Corporation, Bhopal


## बोर्ड ने द्वितीय परीक्षा में किया आंशिक संशोधन

**भोपाल.** माध्यमिक शिक्षा मंडल, द्वारा आयोजित हाई स्कूल/हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है. यह संशोधन कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट की परीक्षाओं के दृष्टिगत किया गया है. मंडल द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथियों में परिवर्तन किया गया है. 14 मई को आयोजित होने वाली कृषि, गृह विज्ञान, विषयों की परीक्षाएं अब 19 मई को होंगी. वहीं 21 मई को होने वाली गणित एवं मनोविज्ञान विषयों की परीक्षाएं अब 26 मई को आयोजित की जाएंगी. इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश भी जारी किए गए है। साथ ही संशोधित परीक्षा कार्यक्रम को विद्यालय के सूचना पटल पर प्रमुखता से प्रदर्शित करने और संबंधित विद्यार्थियों को इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाने को कहा है. परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी.



# विधायक विष्णु खत्री ने किया सड़क का लोकार्पण

**बैरसिया, 13 मई.** विधायक विष्णुखत्री ने बुधवार को झिरनिया कांकड़ से कचनारिया नवीन मार्ग निर्माण का लोकार्पण किया. 3.2 किलोमीटर की पक्की सड़क निर्माण की लागत 2 करोड़ 85 लाख है. लोकार्पण कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विधायक खत्री को स्वागत किया. इस अवसर पर भाजपा नेता गोपाल सिह मीणा, जिला अध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुवेर सिंह गुर्जर, मंडल अध्यक्ष रामबाबू गुर्जर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.


**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र.**

अजय खंडेलवाल आ. रामनारायण खंडेलवाल निवासी ग्राम सेमरीहरचंद तहसील सोहागपुर
आवेदक

// विरूद्ध //

1 खुशी खंडेलवाल पुत्री आनंदमोहन खंडेलवाल निवासी ग्राम सेमरीहरचद तहसील सोहागपुर
अनावेदकगण

रा.प्र.क्र. 0988/अ-6/2019-20 मौजा - सेमरीहरचंद तह. सोहागपुर जिला- नर्मदापुरम

**// सूचना पत्र //**

आपको - श्रीमति खुशी खंडेलवाल पुत्री आनंद मोहन खंडेलवाल को सूचित किया जाता कि आवेदक अजय खंडेलवाल आ. रामनारायण खंडेलवाल निवासी ग्राम सेमरीहरचंद के द्वारा न्यायालय में धारा 109-110 म.प्र.भू.रा संहिता के तहत ग्राम सेमरीहरचंद में स्थित भूमि ख.नं. 75/2 रकबा 3.881 हे. ख.न. 255/9 रकबा 0.049 हे भूमि रजिस्ट्रर्ड वसीयतनामा दिनांक 29/08/2025 के माध्यम से नामातंरण किये जाने का आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 28/05/2026 तक आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना जबाब प्रस्तुत करे। उक्त पेशी दिनांक के पश्चात कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी । आज दिनांक 11/05/2026 को मेरे हस्ताक्षार एवं पद मुद्रा से जारी किया गया ।

**रामकिशोर झरबड़े**
**तहसीलदार सोहागपुर जिला नर्मदापुरम**



**KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION**

**Tender Notice No. 18 Date 13/05/2026**
**This is with reference to above mention tender notice for following work**

Empanelment of Consultants for various Projects in Kolhapur.

For above Tender submission dates as follows -

Start date of Submission of Tender Documents :- 14/05/2026 at 4.00 p.m.
Last date of Submission of Tender Documents :- 04/06/2026 at 3.00 p.m.
Pre-Bid meeting :- 21/05/2026 at 12.00 p.m.
Opening of Tender Documents :- 04/06/2026 at 3.30 p.m.

Details available on www.mahatenders.gov.in

**Sd/-**
**City Engineer**
**Kolhapur Municipal Corporation**



**Chola** Enter a better life

**चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
कॉर्पोरेट कार्यालय: "चोला क्रेस्ट", सी54 और 55, सुपर बी-4, थिरु.वी.का औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600 032

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। (नियम 8 एवं 9)

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गिरवीदार को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई हैं और जिनका सांकेतिक कब्जा चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें आगे चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के रूप में संदर्भित किया जाएगा। सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री "जैसी है, जहां है", "जैसी है, जो है" और "जो कुछ भी उपलब्ध है" के आधार पर ई-नीलामी के माध्यम से की जाएगी। आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://bankauctions.in/ के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

| उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता और गिरवीदार का खाता क्रमांक और नाम | बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण (सुरक्षित संपत्ति) | आरक्षित मूल्य/ईएमडी /बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता संख्या PR00038463<br>1. मैसर्स. रवि वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन, (उधारकर्ता) एन एच 146, विदिशा सागर रोड, ग्राम हिरनाई, मध्य प्रदेश - 464 001।<br>2. मैसर्स श्री काल भैरव स्टोन क्रशर, (सह उधारकर्ता) नंबर 01, पान बैग, डिपो रोड, सिंधी कॉलोनी, डंडापुरा, विदिशा, मध्य प्रदेश - 464 001।<br>3. श्री नरेंद्र कुमार शर्मा, (सह-उधारकर्ता) वार्ड नं.7, पान बाग, सिंधी कॉलोनी रोड, विदिशा, म.प्र.- 464 001।<br>4. श्रीमती प्रतिभा शर्मा, (सह-उधारकर्ता) वार्ड नं.7, डंडापुरा रोड, सिंधी कॉलोनी, आरटीओ कार्यालय के पास, विदिशा, मध्य प्रदेश - 464 001। | रु. 71,12,553/- 10.10.2023 तक | खसरा (सर्वेक्षण) संख्या 16/4/1 वाली, पी.एच.एन. 73, हिरनाई ग्राम, जिला एवं तहसील विदिशा में स्थित, 0.418 हेक्टेयर (45000 वर्ग फुट) क्षेत्रफल वाली भूमि का पूरा टुकड़ा और भाग, जिसकी उत्तर दिशा में विक्रेता की संपत्ति; दक्षिण दिशा में अराजी जैन साहिब; पूर्व दिशा में प्रस्तावित सड़क और पश्चिम दिशा में सड़क है। | ₹ 1,25,56,000/-<br>₹ 12,55,600/-<br>₹ 1,00,000/- |

**ई-नीलामी की तिथि और समय: 19.06.2026 - सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक (प्रत्येक बार 3 मिनट का असीमित विस्तार)। ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 18.06.2026। संपत्ति निरीक्षण की तिथि: नियुक्ति के अनुसार।**

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com पर जाएं। ई-नीलामी से संबंधित जानकारी, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, इच्छुक बोलीदाता मेसर्स फोरक्लोजर से संपर्क कर सकते हैं (संपर्क व्यक्तिः श्री नितेश पवार, फोन नंबर: 8142000725, ईमेल: nithesh@bankauctions.in)।
2. नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया https://bankauctions.in/ और https://cholamandalam.com/news/auction-notices पर जाएं और ई-नीलामी में भाग लें या श्री आशीष कुमार पांडा से फोन नंबर: 98195 38003 / श्री अमित शर्मा से फोन नंबर: 7566766000 पर संपर्क करें।

**यह सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6), (नियम 8 और 9) के तहत एक वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना भी है।**

दिनांक: 14.05.2026
स्थान: विदिशा

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।